कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.09.2022

गर्ल्स कॉलेज में
दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डीबीटी स्टॉर कॉलेज योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यरत् प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रयोगशाला सहायकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में अल्फा साईंटिफिक के श्री दिंबम्बर सिंग उपस्थित थे।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि भारत सरकार के बायो टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा प्रायोजित स्टॉर योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शोध–परक प्रायोगिक ज्ञान देने विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन एवं प्रशिक्षण किया जा रहा है। विज्ञान प्रयोगशालाओं की महत्वपूर्ण कड़ी प्रयोगशाला तकनीशियन एवं परिचारक होते है जिन्हें आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली से प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

इस कार्यशाला में विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न डिजिटल उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो कि विद्यार्थियों के लिये भी लाभप्रद होगा।

डीबीटी स्टॉर कॉलेज स्कीम की प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता ने इस योजना पर प्रकाश डालते हुए कार्यशाला के कार्यवृत्त की जानकारी दी।

इस कार्यशाला में विभिन्न प्रायोगिक उपकरणों जैसे स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पीएच मीटर, कंडक्टोमीटर, फ्लेम फोटोमीटर, सेंट्रीफ्यूज, माइक्रोटोम, टर्बिडिटी एवं निफेलोमीटर एवं पोलॉरीमीटर के सिद्धांत एवं कार्यप्रणाली को विशेषज्ञ श्री दिगम्बर सिंग द्वारा विस्तार से समझाया गया। उक्त कार्यशाला में दुर्ग एवं बस्तर संभाग के विभिन्न महाविद्यालय से प्रयोगशाला तकनीशियन एवं परिचारक उपस्थित हुए। जिन्हें प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)